हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

11 विरेन ने छह पदक जीतकर रचा इतिहास लगातार ...



12 नर्सिंग ऑफिसर्स ने रखी दो घंटे की पेन डाउन ...



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING 2 Years GNM Pass
GNM 3 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
ANM 2 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933



खबर संक्षेप

सहकारी भवन निर्माण समिति की बैठक 15 को

भिवानी। दि भिवानी बैंक कर्मचारी सहकारी भवन निर्माण समिति लिमिटिड की आमसभा की बैठक 15 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी। यह जानकारी समिति प्रधान राजेन्द्र सिंह यादव ने दी। यादव ने बताया कि बैठक समिति का कार्यक्षेत्र बढ़ाने बारे, स्कीम नं. 2 में पार्क की चार दीवारी निर्माण, गलियों में अवैध निर्माण हटाने, समिति के आय-व्यय का ब्यौरा, कालोनी में विशेष स्वच्छता अभियान चलने बारे विचार विमर्श किया जाएगा।

पास-आउट प्रशिक्षु 16 तक प्राप्त करें प्रमाण-पत्र

भिवानी। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार 17 सितंबर 2026 से 16 अक्टूबर तक एक माह की अवधि में ऐसे सभी पास-आउट प्रशिक्षुओं के प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। इनके प्रमाण-पत्र अभी तक संस्थान के रिकॉर्ड में उपलब्ध हैं और वितरित नहीं किए गए हैं। संस्थान प्रबंधक ने बताया कि जिन पूर्व प्रशिक्षुओं ने आईटीआई उत्तीर्ण की है और उन्हें अभी तक अपना प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, वे राजकीय आईटीआई भिवानी से संपर्क कर प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

सरसों तेल का बकाया वितरण 20 तक होगा

भिवानी। सितंबर में जिन पात्र लाभार्थियों को सरसों तेल का वितरण नहीं हो सका था, उनके लिए बकाया सरसों तेल के वितरण की अवधि 20 अक्टूबर तक बढ़ाई गई है। बकाया सरसों तेल का वितरण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक प्रदीप ने बताया कि सभी पात्र लाभार्थी नजदीकी डिपोधारक से बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद सरसों तेल प्राप्त कर सकते हैं।

बाजरे की सरकारी खरीद बंद, 3 दिन से नहीं बिका एक भी दाना

किसान सभा भिवानी तहसील कमेटी ने एमएसपी पर खरीद व भावांतर लाभ देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। बाजरे की खरीद की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

नई अनाज मण्डी भिवानी में शनिवार को 613 क्विंटल बाजरे की खरीद के बाद तीन दिन से सरकारी खरीद ठप, किसान सभा भिवानी तहसील कमेटी ने एमएसपी पर खरीद व भावांतर लाभ देने की मांग की है। अखिल भारतीय किसान सभा तहसील भिवानी कमेटी ने मंगलवार को नई अनाज मंडी भिवानी का दौरा कर बाजरे की सरकारी खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। किसान सभा प्रतिनिधियों ने पाया कि मंडी में भारी मात्रा में बाजरा पड़ा हुआ है, लेकिन सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीद नहीं की जा रही है।

शनिवार को मात्र 613 क्विंटल बाजरे की खरीद होने के बाद मंगलवार दोपहर तक कोई सरकारी खरीद नहीं हुई, जिससे किसानों में भारी मायूसी है। किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान ओम प्रकाश ने कहा कि सरकार 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का प्रचार करती है, लेकिन बाजरे की सरकारी खरीद के मामले में किसानों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी खरीद नहीं होने के कारण किसान मजबूरी में निजी व्यापारियों को 2000 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचने को मजबूर हैं, जबकि सरकारी एमएसपी 2900 रुपये प्रति क्विंटल है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और वे भावांतर योजना के लाभ से भी वंचित हो रहे हैं। इस दौरान किसान नेता प्रताप सिंह सिंगमार, डॉ. सुमेर सांगवान, सुखदर्शन सरोहा, ईश्वर सिंह कोंट, करतार बोहरा , रणबीर सिंह छपार, रणबीर सिंह कोंट आदि मौजूद रहे।

भिवानी जिले को सूखाग्रस्त घोषित करवाने की मांग

किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल ने कहा कि सूखे और प्राकृतिक मार झेलकर किसानों ने किसी तरह बाजरे की फसल तैयार की है, लेकिन मंडी में उचित भाव न मिलने से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। इसके अलावा जिन किसानों का 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हुआ अथवा पंजीकरण का सत्यापन लंबित है, उन्हें मंडी में बाजरा डालने तक नहीं दिया जा रहा और उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। किसान सभा ने मार्केटिंग कमेटी के सचिव सन्दीप लोहान को ज्ञापन देकर तुरंत बाजरे की सरकारी खरीद शुरू करने, किसानों को एमएसपी तथा भावांतर योजना का पूरा लाभ देने, आगामी रबी सीजन में पर्याप्त खाद उपलब्ध करवाने तथा भिवानी जिले को सूखाग्रस्त घोषित करवाने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील प्रधान संतोष देशवाल ने की।



चरखीदादरी। नई अनाजमंडी में बाजरा की खरीद करते आढ़ती।

दादरी की नई अनाज मंडी में शुरू हुई बाजरे की खरीद, किसानों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी की नई अनाज मंडी में मंगलवार को आखिरकार बाजरे की खरीद शुरू हो गई है। खरीद पोर्टल पर न्यूनतम 2300 रुपये प्रति क्विंटल की शर्त हटाए जाने के बाद मंगलवार को आढ़तियों ने किसानों से बाजरे की खरीद की। पोर्टल पर अब बाजरे का न्यूनतम भाव 2100 रुपये प्रति क्विंटल दिखाई दे रहा है।

कई दिनों से खरीद शुरू होने का इंतजार कर रहे किसानों को इससे बड़ी राहत मिली है। मंडी में मंगलवार को भी काफी संख्या में किसान बाजरे की फसल लेकर पहुंचे। किसानों का कहना है कि खरीद में देरी के चलते उन्हें फसल बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा था।

भावांतर भरपाई में मिलेंगे 600 रुपये प्रति क्विंटल

नई अनाज मंडी में बाजरा खरीद शुरू होने से किसानों में फसल जल्द बिकने की उम्मीद जगी है। सरकार की व्यवस्था के तहत किसानों को 600 रुपये प्रति क्विंटल भावांतर भरपाई मिलने की बात कही गई है। मंगलवार को किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में बाजरा लेकर मंडी पहुंचे। बढ़ती आवक के बीच खरीद, उठान और भुगतान व्यवस्था सुचारू रखना चुनौती रहेगा। किसानों ने प्रशासन से परेशानी न होने देने की मांग की। फसल वेरिफिकेशन की सुविधा के लिए पटवारी ने किसान विश्राम गृह में बैठना शुरू कर दिया है। इससे किसानों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मंडी में वेरिफिकेशन सुविधा मिलने से ग्रामीण किसानों का समय और परेशानी दोनों बचेंगे।

किसान संगठनों ने शर्तों के विरोध में किया प्रदर्शन, मंडी सचिव को सौंपा मांग-पत्र



तोशाम। अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर अनाज मंडी तोशाम व मार्केट कमेटी तोशाम पर मंडी में लगाई गई अनावश्यक शर्त के विरोध में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धरना दिया। धरने की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान सभा के प्रधान कर्ण सिंह व एआईकेकेएमएस के नरसिंह और ग्राम स्वराज के ईश्वर सिंह आदि ने की। इस दौरान करण सिंह ने बताया कि बाजरे में कमियां निकाल कर सरकार बाजरे की खरीद नहीं करना चाहती। सरकार के नोटिफिकेशन में बाजार में 14 किलो तक अनावश्यक तत्व यानि अन्य फसल या भुरली मिले होने पर भी सरकार किसानों का बाजरा खरीद सकती है। जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने कहा कि मंडी में बाजरे की खरीद नहीं हो रही है किसानों को परेशान किया जा रहा है। उनका कहना था कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी भी किसानों को नहीं मिल पाती। जिन किसानों ने पंजीकरण करवा लिया था उनका सैटेलाइट सर्वे और फसल पंजीकरण के आंकड़े न मिलने से उसका मंडी में गेट पास नहीं कट रहा। धान खरीद में किसान 17 प्रतिशत नमी की सीमा में छूट देने की मांग कर रहे है। इस दौरान धरने पर ल दयानंद फौजी, राजवीर दूहन, उमेद सिंह, महावीर सिहाग, जिले सिंह, मांगेराम भगत आदि मौजूद रहे।



अध्यापकों-कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में सौंपा ज्ञापन, फिट फॉर प्रमोशन की शर्त हटाने की मांग

तोशाम। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ हजरस खण्ड तोशाम द्वारा अनुसूचित जाति के अध्यापकों और कर्मचारियों की मांगों के समर्थन के लिए एसडीएम तोशाम के माध्यम से मुख्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व संघ की खण्ड स्तरीय बैठक का आयोजन स्थानीय त्रिकोना पार्क में किया गया। इस अवसर पर हजरस के पूर्व महासचिव, संरक्षण और वर्तमान सलाहकार बलजीत सिंह दहिया ने सभी प्रकार की पदोन्नति में आरक्षण, अनुसूचित जाति का सभी विभागों में बैकलॉग कोटा पूरा करने, सभी प्राथमिक विद्यालयों में मुख्य शिक्षक के पद को बहाल करने, गेस्ट की बाध्यता समाप्त करने, एसीपी मामलों में 50 प्रतिशत अंकों व फिट फॉर प्रमोशन की शर्त हटाने, पुरानी पेंशन बहाल करने व एचकेआरएन को बन्द करके स्थायी भर्ती करने की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सन्तु कुमार , कोषाध्यक्ष जोगेन्द्र, प्राचार्य सुरेश, रिटायर्ड मुख्याध्यापक सुन्दर सिंह, जयपाल सिंह, रोहतास, रविन्द्र, सतीश दहिया, गुणपाल, रामनिवास इन्दौरा, सुरेश निगाना, सलाहकार रतनलाल, दलबीर बागानवाला, सन्तोष, सुशीला, रेनू उपस्थित थे।

एचकेआरएनएल कर्मचारियों का वेतन अटका मुख्यमंत्री से दिलवाने के लिए लगाई गुहार

भिवानी। हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत गैर-शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गैर-शिक्षक विवि कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पिछले एक वर्ष से लंबित वेतन के तुरंत भुगतान, पोर्टल पर शून्य किए गए 5 वर्ष के कार्य अनुभव को बहाल करने और लगातार बढ़ती महंगाई के मद्देनजर वेतन में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने की मांग उठाई है। इसी कड़ी में मंगलवार को गैर शिक्षक विवि कर्मचारी संघ ने सीबीएलयू की कुलगुरू प्रो. दीप्ति धर्माणी के माध्यम से प्रदेश सरकार के नाम मांगपत्र सौंपा। इस मौके पर गैर-शिक्षक विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रांत महामंत्री प्रदीप कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने ठेका प्रथा को समाप्त कर एचकेआरएनएल का गठन किया था, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों को बिचौलियों और ठेकेदारों के शोषण से मुक्ति दिलाना था। संघ सरकार के इस कदम की सराहना करता है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी और लापरवाही के कारण इस नीति का वास्तविक लाभ कर्मचारियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। प्रदीप कुमार ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश विवि में एचकेआरएनएल कर्मियों का 3 माह 19 दिन का वेतन पिछले एक साल से रुका हुआ है। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के घरों में आर्थिक संकट गहरा गया है।



रानीला में सीएम फ्लाइंग व विभागों की संयुक्त छापेमारी

खाद्य पदार्थों के चार सैंपल लिए



चरखीदादरी। गांव रानीला में जांच के लिए पहुंची टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव रानीला में सोमवार को मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सीएम फ्लाइंग, आबकारी विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने औचक छापेमारी की। कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. रविंद्र डबास के नेतृत्व में की गई। संयुक्त टीम की कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति रही।

छापेमारी के दौरान टीम ने विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच की। इस दौरान एनर्जी कैफीनेटेड ड्रिंक्स, जीरा सोडा, नमकीन और चाय के चार इन्फोर्समेंट सैंपल लिए गए। सभी सैंपलों को विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, लैब से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही आगे की कार्रवाई निर्धारित की जाएगी। विभागीय अधिकारियों

■ एनर्जी कैफीनेटेड ड्रिंक्स, जीरा सोडा, नमकीन और चाय के चार इन्फोर्समेंट सैंपल लिए

ने बताया कि जांच रिपोर्ट में खाद्य पदार्थों में किसी तरह की मिलावट या अन्य अनियमितता सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग ने क्षेत्र के खाद्य कारोबारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। दुकानदारों, निर्माताओं और विक्रेताओं को खाद्य कारोबार के लिए एफएसएसएआई का वैध लाइसेंस या पंजीकरण अनिवार्य रूप से लेने की हिदायत दी गई है। बिना वैध लाइसेंस या पंजीकरण के खाद्य कारोबार करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने होटल में चल रहे देह व्यापार के अनैतिक नेटवर्क का किया पर्दाफाश, काउंटर संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी पुलिस ने अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मेजबान चौक के समीप शोरूम के ऊपर संचालित होटल में कथित देह व्यापार के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बोगस ग्राहक के माध्यम से जाल बिछाकर काउंटर संचालक को गिरफ्तार किया। मामले में होटल संचालक समेत चार लोगों के खिलाफ तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, दादरी सिटी थाने में तैनात उपनिरीक्षक सुरेंद्र को सूचना मिली थी कि होटल में बाहर से महिलाओं को बुलाकर देह व्यापार का अवैध धंधा संचालित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश में विशेष टीम गठित की गई।



बोगस ग्राहक भेजकर बिछाया जाल

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक नागरिक को बोगस ग्राहक बनाकर होटल भेजा। उसे 500-500 रुपये के दो चिह्नित नोट दिए गए। पुलिस के मुताबिक बोगस ग्राहक होटल के काउंटर पर पहुंचा और वहां मौजूद विजय निवासी टिकान कलां से बातचीत की। सौदा तय होने के बाद विजय ने चिह्नित नोट अपने पास ले लिए। बोगस ग्राहक द्वारा इशारा किए जाने पर पुलिस टीम ने तत्काल होटल में दबिश दी और काउंटर पर मौजूद विजय को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से दोनों चिह्नित नोट बरामद कर लिए गए। पुलिस टीम ने होटल के कमरों की भी तलाशी ली। इस दौरान एक युवती मिली, जिसे पुलिस ने सुरक्षित संरक्षण में लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में युवती ने बताया कि होटल संचालक कर्मबीर जाखड़ व्हाट्सएप और फोन कॉल के माध्यम से महिलाओं के संपर्क में रहता था और उनके जरिए कथित रूप से यह अवैध गतिविधि संचालित की जाती थी। पुलिस ने कर्मबीर, तरुण, विजय और जयप्रकाश के खिलाफ आईटीपीए की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मामले में विजय को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली इशिका सभ्रवाल का नागरिक अभिनंदन आज

भिवानी। एशियन खेलों की हॉकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली गांव बापोड़ा की बेटी इशिका सभ्रवाल के स्वागत एवं सम्मान में सात अक्टूबर को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गांव बापोड़ा के खेल ग्राउंड में दोपहर साढ़े तीन बजे नागरिक अभिनंदन समारोह होगा, जिसमें होनहार खिलाड़ी का सामूहिक तौर पर सम्मान किया जाएगा। सरपंच सुग्रीव ने बताया कि बेटी ईशिका की उपलब्धि से पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सरपंच ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत ईशिका के भव्य विजय जुलूस के साथ होगी। जुलूस बापोड़ा के मुख्य द्वार पर स्थित टैंक से प्रारंभ होगा।

लोक निर्माण विभाग ने तैयार करवाए डिवाइडर, पातवान रोड पर रखवाए

मुख्य बाजार में डिवाइडर रख सुधारी जाएगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

कस्बे के मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डिवाइडर रखने का काम बहुत जल्दी शुरू किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग की ओर से इसके लिए पूरी तैयारी कर डिवाइडर तैयार करवाकर पातवान रोड पर रखवा दिए गए हैं। अब इन्हें मुख्य बाजार में सड़क के बीच निर्धारित स्थानों पर रखने की तैयारी की जा रही है।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार रात को यातायात का दबाव कम होने के दौरान डिवाइडर रखने का काम किया जा सकता है, ताकि वाहन चालकों को परेशानी न हो। बताया जा रहा है कि प्रशासन की ओर से डिवाइडर कुछ दिन पहले ही रखवाए जाने थे, लेकिन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के अभिनंदन समारोह के चलते इन्हें लगाने का काम टाल दिया गया था। अब विभाग ने डिवाइडर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बहल कस्बे में भिवानी रोड से राजगढ़ मोड़ तक सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का कार्य शुरू किया गया था। सड़क चौड़ीकरण की योजना के बजट में ही सड़क के बीच डिवाइडर लगाने का प्रावधान भी शामिल किया गया था। सड़क का निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य पूरा होने के बाद अब डिवाइडर रखने का काम किया जा रहा है। डिवाइडर लगाए जाने से मुख्य बाजार में वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित होने की उम्मीद है। हालांकि, डिवाइडर लगने के बाद बाजार में यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को भी विशेष निगरानी रखनी होगी।



प्रशासन पर रहेगी रेहड़ी वालों के रोजगार की जिम्मेवारी

मुख्य बाजार में रोड के बीचोंबीच डिवाइडर रखे जाने से यातायात व्यवस्था सुगम होगी वहीं रोड के दोनों साइड लगने वाली रेहड़ी, खोमचो वालों के लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। रेहड़ी लगाने वाले सैकड़ों की संख्या में ऐसे लोग है जिनका एकमात्र रोजगार यही है। ऐसे में प्रशासन को इन रेहड़ी वालो की सुगमता के अनुसार इनको जगह चिन्हित करके देनी होगी ताकि वहां पर ये अपना रोजगार करके अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। लोक निर्माण विभाग के जेई वतन सिंह ने बताया कि रोड की चौड़ाई बढ़ाने के समय ही यातायात की सुगमता के लिए रोड के बीच डिवाइडर रखे जाने का काम शुरू किया जाएगा। इससे यातायात के आवागमन में सुगमता होगी।



रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style

तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।



हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।





नई नवेली का दूसरा गाना

फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ

करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला



सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवंश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।



साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद



में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।

राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।'राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।

मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत IFFSA टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

मताधिकार पर स्वीकार नहीं होगा हमला: सुशील

चरखी दादरी। वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय में इंडिया गठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील ने कहा कि देश में लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास हो रहे हैं और मताधिकार पर किसी भी तरह का हमला स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तत्काल इस्तीफा दें, एसआईआर प्रक्रिया रद्द की जाए और चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं।

इंडिया गठबंधन कल निकालेगा रोष मार्च

भिवानी। जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी की ओर से इंडिया गठबंधन की चुनाव आयोग को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस के साथ-साथ सीपीआई और सीपीआईएम के नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों, लोकतंत्र और आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि चुनाव आयोग लोकतंत्र का रखवाला है और अगर उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हैं तो विरोध होना स्वाभाविक है। वहीं कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया ने बताया कि 8 अक्टूबर को क्राउन प्लाजा से लघु सचिवालय तक रोष मार्च निकाला जाएगा। इसमें इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता झंडे एवं बैनर के साथ शामिल होंगे।

राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक में पांच गोल्ड जीतकर तिगड़ाना का छोरा छाया

विरेन ने छह पदक जीतकर रचा इतिहास लगातार चौथी बार नेशनल में हुआ चयन

इस शानदार सफलता के साथ विरेन ऑल ओवर हरियाणा में सर्वश्रेष्ठ जिम्नास्ट घोषित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



जिम्नास्ट विरेन को सम्मानित करते अतिथि।

गांव तिगड़ाना के 11 वर्षीय विरेन ने स्कूली खेलों में अपनी अभूतपूर्व जिम्नास्टिक कला का प्रदर्शन कर नया इतिहास रच दिया है। अंबाला में 4 से 6 अक्टूबर तक हुई 59वीं राज्य स्तरीय स्कूली जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में विरेन ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पांच स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। इस शानदार सफलता के साथ विरेन ऑल ओवर हरियाणा में सर्वश्रेष्ठ जिम्नास्ट घोषित किए गए। इस अभूतपूर्व प्रदर्शन के दम पर उनका लगातार चौथी बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। विरेन रोजाना भीम स्टेडियम में घंटों पसीना बहाते हैं, उन्हें तराशने और जिम्नास्टिक की बारीकियां सिखाने का कार्य मुख्य कोच मनीष शर्मा, सहायक कोच राजू और विशाल बापोड़ा कर रहे हैं।

कोचों के कुशल मार्गदर्शन और विरेन के अटूट समर्पण का ही नतीजा है कि 11 साल की छोटी सी उम्र में वे प्रदेशभर में अपनी पहचान बना चुके हैं। प्रतियोगिता के दौरान टीम इंचार्ज लाजपत डीपीई और कपिल डीपीई विशेष रूप से मौजूद रहे और खिलाडिय़ों का मार्गदर्शन किया। विरेन की उपलब्धि पर एईओ प्रीतपाल, एईईओ राजेंद्र, विक्रमजीत डीपीई बौंदकलां, राजेश ढ़ांडा, विनोद पिंकू पीटीआई, सोमदत्त शर्मा, विरेंद्र, जीतपाल पीटीआई, शारीरिक शिक्षक भिवानी ब्लॉक रमेश पीटीआई आदि ने बधाई दी। विरेन के पिता अरविंद, जो स्वयं भी डीपीई हैं, ने अपने बेटे की ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि एक खेल शिक्षक और पिता होने के नाते मेरे लिए यह अत्यंत गर्व और भावुक करने वाला क्षण है।

बचपन से ही जिम्नास्टिक के प्रति बेहद जुनूनी

विरेन बचपन से ही जिम्नास्टिक के प्रति बेहद जुनूनी और अनुशासित रहा है। भीम स्टेडियम में कोच मनीष शर्मा, राजू और विशाल बापोड़ा की देखरेख में उसने जो दिन-रात पसीना बहाया है, यह जीत उसी का फल है। पांच गोल्ड मेडल जीतकर ऑल ओवर हरियाणा में बेस्ट जिम्नास्ट बनना और लगातार चौथी बार नेशनल के लिए क्वालिफाई करना उसकी मेहनत को दर्शाता है।

आदर्श स्कूल बौंद के खिलाड़ियों ने जीते पदक

चरखी दादरी। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौंद कलां के खिलाड़ियों ने आर्य हिंदी संस्कृत महाविद्यालय दादरी में आयोजित अंडर-11 जिला स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए। कई खिलाड़ियों व टीमों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया। लंबी कूद में छवि शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 200 मीटर दौड़ में भी दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं अंशी ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। वंशिका ने 100 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया। कुश्ती के 34 किलोग्राम भार वर्ग में यश ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तर के लिए स्थान बनाया, जबकि 34 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में अंकित ने रजत पदक जीता। जिम्नास्टिक्स में विद्यालय की बालक और बालिका टीमों ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीते। जिम्नास्टिक की ओवरऑल टीम स्पर्धा में भी आदर्श स्कूल प्रथम रहा और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। रस्साकशी के बालक और बालिका वर्ग में विद्यालय की दोनों टीमों ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किए। विद्यालय के डीपीई रोबिन सिंह और जिम्नास्टिक कोच विक्रमजीत ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए नियमित अभ्यास कराया। निदेशक प्रताप सिंह यादव, प्रधानाचार्य कृष्ण दत्त और एनसीसी प्रभारी फर्स्ट ऑफिसर कंवर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



चरखीदादरी। शिक्षकों के साथ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

न्यूज डायरी



देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दीं

भिवानी। हरियाणा कला परिषद कुरूक्षेत्र मंडल के निर्देशन में राजीव कालोनी के स्कूल में रीचा चौहान ग्रुप ने हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में रीचा चौहान ग्रुप के कलाकारों ने हरियाणवी लोक संस्कृति, लोक नृत्य एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न प्रस्तुतियां पेश कर विद्यार्थियों का मन मोह लिया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को हरियाणवी संस्कृति, देशभक्ति तथा महात्मा गांधी के आदर्शों के प्रति जागरूक किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कलाकारों का उत्साहपूर्वक तालियों के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय एवं हरियाणवी लोक संस्कृति से जोड़ना, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।



डॉ. सत्यपाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित

चरखी दादरी। एपीजे सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में एपीजे शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सत्यपाल का जन्मदिन संस्थापक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को मानवीय एवं नैतिक मूल्यों के लिए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य विनीत वशिष्ठ की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों ने डॉ. सत्यपाल के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। विद्यालय के आदर्श वाक्य 'सॉरिंग हाई इज माय नेचर' विषय पर कक्षा सातवीं के छात्र आरव नेव्याख्यान दिया। प्राचार्य विनीत वशिष्ठ ने डॉ. सत्यपाल के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा किए। उन्होंने एपीजे शिक्षण संस्थाओं की अध्यक्षा सुषमा पाल बलिया का शुभकामना संदेश भी पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम में एपीजे शिक्षण संस्थान, नई दिल्ली की ओर से डॉ. सत्यपाल मानवीय मूल्य पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा आठवीं



ईएसआई योजनाओं के लाभ बताए

चरखी दादरी। नप कार्यालय परिसर में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत एचकेआरएन एवं ईएसआई कार्डधारक कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी, पार्षद विनोद वाल्मीकि, स्वच्छ भारत मिशन शहरी की इंचार्ज ज्योति शर्मा मौजूद रहे। ईएसआई दादरी की टीम में डॉ. सचिन, असिस्टेंट विक्रांत तंवर, सीमा रानी और फार्मासिस्ट सुशील धनखड़ ने कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। शिविर के दौरान कर्मचारियों को ईएसआई योजना के विभिन्न लाभों की जानकारी दी, जिनमें कार्डधारक कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिजनों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, बीमारी की स्थिति में बीमारी हितलाभ, महिला कर्मचारियों के लिए मातृत्व हितलाभ तथा कार्यस्थल पर दुर्घटना के कारण अस्थायी या स्थायी अशक्तता होने पर आर्थिक सहायता शामिल है।



सीखा गणनाओं का व्यावहारिक उपयोग

चरखी दादरी। महिला महाविद्यालय झोझूकलां के गणित विभाग की ओर से विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से एक्सेल हैंड्स-ऑन लर्निंग कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में हाईटेक शिक्षण संस्थान दादरी से कर्मवीर और दीपांशु ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को एक्सेल के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान दीपांशु ने माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल के विभिन्न फीचर्स की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज की गणना एक्सेल के माध्यम से करके समझाई। विद्यार्थियों ने स्वयं कंप्यूटर पर इन गणनाओं का अभ्यास किया। इससे उन्हें गणितीय अवधारणाओं को तकनीक के माध्यम से समझने और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग का अवसर मिला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजपाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय तकनीक का है।

बड़े बुजुर्गों के सम्मान में जलाएं एक दीया



भिवानी। रुद्रा कॉलोनी के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य भवन में कार्यक्रम हुआ। दिव्य भवन की संचालिका बीके रजनी दीदी ने पितृपक्ष पर कार्यक्रम में कहा कि भारत में पितृपक्ष में अपने पूर्वजों का सम्मान करते हुए उनका आह्वान करते हैं और अमावस्या के दिन उनकी विदाई करते हैं। हमारी भारतीय संस्कृति शरीर छोड़ चुके पितरों का भी सम्मान करना सिखाती है, जबकि आज हम देखते हैं कि घर में बड़े बुजुर्गों का सम्मान पहले से कम होता जा रहा है। कहीं-कहीं तो घर के बड़े बुजुर्गों की सेवा को बहुत बोझ समझा जाता है और उन्हें वृद्ध आश्रम भी भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ श्राद्ध के दिनों में शरीर छोड़ चुके सदस्यों को खीर पूरी खिलाई जाती है।

श्रीमद्भागवत कथा में साध्वी विभानन्द ने समझाया भक्ति का मर्म



भिवानी । जैन चौक स्थित गोस्वामी लालदास मंदिर में पितृ पक्ष पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य एवं भक्तिमय माहौल में शुभारंभ हुआ। लालदास मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव गणपतराय जसूजा ने बताया कि यह पावन श्रीमद्भागवत कथा तपोभूमि परमहंस योगाश्रम की स्वामी कृष्णानन्द सरस्वती महाराज के सानिध्य में हो रही हैं। कथा व्यास के रूप में पूज्या बालयोगिनी साध्वी विभानन्द सरस्वती अपने श्रीमुख से प्रतिदिन श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की संगीतमय, ओजस्वी एवं ज्ञानवर्धक कथा का रसपान करा रही हैं। कथावाचक विभानंद सरस्वती ने कथा के दौरान श्रद्धालुओं को भक्ति का मर्म समझाया और कहा कि भक्ति भगवान के प्रति प्रेम, श्रद्धा और पूर्ण समर्पण का भाव है। सच्ची भक्ति में भक्त बिना किसी स्वार्थ के अपने मन, वचन और कर्म को भगवान के चरणों में समर्पित कर देता है। श्रीमद्भागवत में भक्ति को जीवन का सबसे सरल और श्रेष्ठ मार्ग बताया गया है। साध्वी ने कहा कि भक्ति केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के व्यवहार में प्रेम, दया, सेवा, विनम्रता और सदाचार के रूप में दिखाई देती है। जब मनुष्य पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान का स्मरण करता है, तो उसके भीतर से भय, अहंकार और नकारात्मक भाव स्वतः ही दूर होने लगते हैं। कथा महोत्सव के दौरान विधायक घनश्याम सर्राफ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

श्रीमद्भागवत कथा में गूंजीं श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाएं

■ आज के तनावपूर्ण जीवन में भागवत संदेशों को आत्मसात करना ही सच्चे सुख व शांति की कुंजी : मुकेश रहेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। कीर्ति नगर में आयोजित श्री मदभागवत कथा में उपस्थित महिलाएं।

कीर्ति नगर स्थित पंडित गोपीराम की कुई के समीप मंगेज भवन में इन दिनों संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और धूमधाम के साथ किया जा रहा है। शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन धर्म, भक्ति और अध्यात्म की अविरल धारा बह रही है। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति से संपूर्ण परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आ रहा है। यह सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ 9 अक्तूबर तक निरंतर जारी रहेगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2:15 बजे से सायं 5:15 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसमें कथा वाचन के साथ-साथ मनमोहक भजनों का संकीर्तन भी प्रस्तुत किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोगी संस्था बाबा भगतू चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) की संस्थापक ओमपती का विशेष योगदान और निरंतर सहयोग बना हुआ है। मंगलवार को आयोजित कथा सत्र में नैमिषारण्य (हरदोई, उत्तर प्रदेश) से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित अजय मिश्रा महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत रसमी और भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज ने भगवान के माखन चोरी, यशोदा मां के साथ बाल हठ और गोपियों के साथ घटित विभिन्न प्रसंगों को इतने सुंदर ढंग से सुनाया कि पूरा पंडाल जय श्री कृष्णा और राधे-राधे के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी मुकेश रहेजा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

ईश्वर को पाने के लिए आडंबर की जरूरत नहीं

भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें सिखाती हैं कि ईश्वर को पाने के लिए किसी आडंबर की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि केवल निष्छल प्रेम, सरलता और अनन्य भक्ति भाव की जरूरत होती है। जब कोई भक्त अपने हृदय में निस्वार्थ भाव जगाता है, तो ईश्वर स्वयं उसके वश में हो जाते हैं। इस मौके पर मुख्यअतिथि मुकेश रहेजा ने कहा कि भागवत कथा का निरंतर श्रवण करने से मनुष्य के मन के विकार दूर होते हैं और उसमें सकारात्मक ऊर्जा तथा समाज कल्याण की भावना का संचार होता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की गतिविधियां व्यक्तित्व विकास में सहायक : डॉ. संजय

■ वैश्य महाविद्यालय में मस्ती एवं उल्लास कार्यक्रम करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा मिलन समारोह के अंतर्गत 'फन एंड फ्रोलिक फेस्ट' (मस्ती एवं उल्लास) कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के प्रभारी प्रो. डॉ. कामना कौशिक व डॉ.मोहनलाल की देखरेख में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने विद्यार्थियों के आग्रह पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि डॉ. संजय गोयल ने कहा कि एन एस एस विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है तथा सभ्य समाज के निर्माण के लिए नींव तैयार करते है। उन्होंने कहा कि फन एवं फ्रोलिक फेस्ट का आयोजन गर्व का विषय है इस प्रकार का आयोजन विद्यार्थियों में तनाव को दूर करने की महत्वपूर्ण माध्यम और उनमें सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। प्रो.डॉ. कामना कौशिक एवं डॉ.मोहनलाल ने स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए जीवन के अगले अध्याय में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया एवं इस समारोह ने छात्रों को उनके जीवन के अगले अध्याय में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अन्नपूर्णा आयाम बना सेवा एवं संवेदना का माध्यम, युवाओं की भागीदारी बनी प्रेरणा

भिवानी। चंडी मानस आरोग्य समिति हरियाणा द्वारा संचालित अन्नपूर्णा आयाम आज सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया है। भिवानी के चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के गेट नंबर-1 पर पिछले वर्ष से मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए निरंतर निःशुल्क भोजन सेवा संचालित की जा रही है। इस सेवा के माध्यम से प्रतिदिन 500 से अधिक जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिवारों तक भोजन पहुंचाया जा रहा है। सेवा कार्य की सबसे सकारात्मक बात यह है कि इसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

ललित कला विभाग में विभिन्न कला गतिविधियों का आयोजन

भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में ललित कला विभाग द्वारा विद्यार्थियों के कला एवं अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न कला गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य के मार्गदर्शन तथा विभाग प्रभारी के नेतृत्व में हुआ। महाविद्यालय में पेंटिंग, पोस्टर व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को ऐसी शैक्षणिक, कला एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में कला एवं सामाजिक जागरुकता अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा, पेंटिंग में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान हासिल किया।



भिवानी। शिक्षकों के साथ विजेता छात्राएं।

अनुशासन जीवन की वास्तविक सफलता का आधार : रमेश

■ श्री राम पाठशाला में अणुव्रत अनुशासन दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विद्यार्थी जीवन मानव जीवन की वह मजबूत नींव है, जिस पर उज्ज्वल भविष्य की भव्य इमारत खड़ी होती है। यदि इस नींव में अनुशासन का संतुलन और संकल्प का पोषण हो, तो सफलता मिलना निश्चित है। इसी सकारात्मक संदेश के साथ अणुव्रत समिति द्वारा स्थानीय श्री राम पाठशाला में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के अवसर पर अनुशासन दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीवन में संयम, नियमों के पालन और नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अणुव्रत समिति के संरक्षक रमेश बंसल ने विद्यार्थियों में ऊर्जा और प्रेरणा भरते हुए अनुशासन को जीवन का सबसे बड़ा गुण बताया। उन्होंने कहा कि अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी है। विद्यार्थी जीवन में ही अनुशासन का कठोरता से पालन करना चाहिए। विद्यार्थी जीवन के अलावा घर-परिवार, व्यापार तथा रोजगार के क्षेत्र में भी अनुशासित व्यक्ति ही सफल हो सकता है। प्रकृति भी अपनी सभी गतिविधियां बहुत ही अनुशासित तरीके से संचालित करती है।

गोमाता पशु नहीं,हमारी मां है, जो इसे पशु समझता उसकी बुद्धि में गंदगी भरी: महंत विकास गिरी

गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलवाने की उठी मांग

गो सम्मान आह्वान अभियान के तीसरे चरण में एक करोड़ हस्ताक्षर करवाने का लक्ष्य : विकास गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। गोसम्मान आह्वान कार्यक्रम में महंत विकास गिरी व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

श्रीसनातन संस्कृति, कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है। देशभर में गो संरक्षण, संवर्धन और भारतीय संस्कृति के मूल आधार गोवंश की रक्षा के संकल्प के साथ गो सम्मान आह्वान अभियान शुरू किया गया है। मंगलवार को रोहतक रोड स्थित हुन्नामल प्याऊ के नजदीक मानसिह के निवास पर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर संत राज्य प्रभारी नंदबाबा महंत विकास गिरी महाराज पहुंचे। इस दौरान उनके साथ संत संभाग प्रभारी दीवालीनाथ महाराज, भिवानी जिला प्रभारी अंकित शर्मा, भिवानी जिला संयोजक मानसिंह फौजी, कप्तान विजय सिंह, कप्तान रणधीर सिंह, बाबा बलबीर गिरी महाराज आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण भारत में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गोमाता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा दिलाना तथा वेदलक्षणा गोवंश को संवैधानिक संरक्षण, सेवा और सुरक्षा सुनिश्चित करवाना है। राज्य प्रभारी महंत विकास गिरी महाराज ने कहा कि गौमाता पशु नहीं है, यह हमारी मां है, जो इसे पशु समझता उसकी बुद्धि में गंदगी भरी है, वो पशु बुद्धि वाला व्यक्ति हो सकता है। गौ सम्मान अभियान आध्यात्मिक और राष्ट्रीय संकल्प है। हमारा ध्येय स्पष्ट है जब तक गोमाता को संविधान में राष्ट्रमाता का सर्वोच्च सम्मान नहीं मिल जाता और देश में गोहत्या पर पूर्ण विराम नहीं लग जाता, तब तक ये सेवा यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

17 दिसंबर को चंडीगढ़ में पहुंचने का आह्वान

उन्होंने बताया कि गोसम्मान आह्वान अभियान के तीसरे चरण के अंतर्गत प्रांत से एक करोड़ हस्ताक्षर करवाकर 17 दिसंबर को चंडीगढ़ में पहुंचने का आह्वान किया। दूसरे चरण में हर जिले से लाखों हस्ताक्षर हुए थे, अब तीसरे चरण में हरियाणा से एक करोड़ हस्ताक्षर के आंकड़ों का लक्ष्य रखा है। बैठक में उपस्थित ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने भी प्रण लिया कि प्रत्येक गांव से 50-50 व्यक्ति लेकर चंडीगढ़ पहुंचेंगे और मुख्य सचिव को ज्ञापन देंगे।

खबर संक्षेप

देवावास में बेटी के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

तोशाम। मंगलवार को क्षेत्र के गांव देवावास में बेटी पर्निका के पहले जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 33 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के आयोजक राजेश सरोहा एवं सर्व कल्याण मंच हरियाणा टीम तोशाम द्वारा सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने बेटी के जन्मदिन के अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्त की एक एक बूंद मानव जीवन के लिए अनमोल है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए रक्तदान करके ही रक्त की आपूर्ति की जा सकती है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करते रहना चाहिए। इस अवसर पर सुपरवाइजर मनोज सांगवान, जेपी हसान, पूर्व सरपंच रामधारी लाम्बा, मास्टर प्रेम सिंह, जिला अध्यक्ष प्रवीण तंवर, दयासिंह, राजेश सरोहा, लोकेश आदि मौजूद रहे।

गुजरानी के लोगों ने डीसी के समाने रखी समस्याएं

भिवानी। विभिन्न मांगों को लेकर गुजरानी के ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष समस्याएं रखी व मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए पूर्व पटवारी महाबीर सिंह, पंच निशा, पंच महासिंह, पूर्व पंच पवन, पूर्व सरपंच मुकेश, नंबरदार सतीश कुमार, पंच जोगेन्द्र गुर्जर आदि ने बताया कि गांव गुजरानी की दक्षिण दिशा में बच्चों के खेलने के लिए बनाए गए स्टेडियम में बरसात के समय जल भर जता है। जिसके कारण वहां बच्चे खेल का अभ्यास नहीं करत पाते। इसके लिए स्टेडियम में लगभग 5 फुट तक मिट्टी का भरत करवाया जाए, गांव के राजकीय वमावि में एनसीसी को लागू किया जाए जिससे की बच्चों में देशभक्ति व समाजसेवा की भावना को जागरूक किया जा सके। इसके साथ-साथ उन्होंने मांग करते हुए कहा कि गांव में स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में भी मिट्टी का भरत करवाया जाए, इसमें एक कमरे का और निर्माण करवाया जाए तथा छत पर जाने लिए दीने का निर्माण करवाया जाए।

विद्यार्थियों को दी पॉक्सो अधिनियम की जानकारी

भिवानी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डीएलएसए पवन कुमार ने पंडित सीता राम शास्त्री कन्या वमावि, भिवानी में बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 विषय पर आयोजित विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित किया। मुख्यातिथि सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने वाला एक प्रभावी एवं संवेदनशील कानून है।

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का किया विरोध

नर्सिंग ऑफिसर्स ने रखी दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल

जब म्यूचुअल ट्रांसफर को हम तैयार तो नई पॉलिसी क्यों थोप रही सरकार: नर्सिंग ऑफिसर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी (एमओटीपी) के विरोध में मंगलवार को भी नर्सिंग ऑफिसर्स ने दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल रखी। सोमवार से शुरू हुई दो घंटें की पेन डाउन हड़ताल 7 अक्टूबर तक जारी रहेगी। नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के बैनर तले जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी में नर्सिंग ऑफिसर्स ने दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल रखकर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध किया।

पेन डाउन हड़ताल के दौरान नर्सिंग ऑफिसर्स ने इमरजेंसी सेवाओं को चालू रखा, ताकि मरीजों को परेशानी न हो। वहीं नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि जब हम म्युचुअल यानि खुद आपसी सहमति से ट्रांसफर के लिए तैयार हैं तो सरकार जबरन मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी (एमओटीपी) क्यों थोप रही है।



भिवानी। दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल के दौरान एकत्रित नर्सिंग ऑफिसर्स।



भिवानी। काले बिल्ले लगाकर काम करते एमपीएचई एसोसिएशन के सदस्य।

सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं

नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि अस्पतालों में सबसे ज्यादा काम नर्सिंग स्टाफ करता है और उनमें भी महिलाएं ज्यादा हैं। अस्पतालों में अक्सर अप्रिय घटनाएं होती हैं, मगर नर्सिंग ऑफिसर्स की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। रात की शिफ्ट में महिला स्टाफ खुद को असुरक्षित महसूस करती है। इतना ही नहीं नर्सिंग ऑफिसर्स को एक वर्ष से ड्रेस व वॉशिंग अलाउंस तक नहीं दिया जा रहा है, जबकि वर्दी की धुलाई और रख रखाव में उनका हर महीने पैसा खर्च होता है। सरकार उनपर ट्रांसफर जैसी बड़ी पॉलिसी थोप रही है, दूसरी तरफ बुनियादी भत्ते एवं सुरक्षा तक नहीं दे रही। नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि कैडर में 98 प्रतिशत महिलाएं हैं, उन्हें मॉर्निंग, इवनिंग, नाइट तीनों शिफ्ट करनी पड़ती हैं, अगर उन्हें दूसरे जिले में भेज दिया तो उनकी सुरक्षा कौन करेगा, उनके छोटे बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल कौन करेगा?

नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के बैनर तले जारी तीन दिवसीय दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल के दूसरे दिन भी जारी रही और जिलेभर की नर्सिंग ऑफिसर्स ने एमओटीपी का पुरजोर विरोध किया। मंगलवार सुबह 10 से 12 बजे तक चली पेन डाउन हड़ताल के दौरान नर्सिंग स्टाफ ने ओपीडी और वार्डों में काम बंद रखा, हालांकि इमरजेंसी, लेबर रूम और आईसीयू सेवाओं को जारी रखा गया। एसोसिएशन की सदस्य सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स सुषमा, नर्सिंग ऑफिसर्स कविता सरोहा, ज्योति, सुशीला, ममता, अंशुल व अमृता आदि ने कहा कि सरकार उन पर जबरदस्ती एमओटीपी थोप रही है।

इस पॉलिसी के तहत पांच साल एक स्टेशन पर पूरा कर चुके हर कर्मचारी को जबरन ट्रांसफर ड्राइव में शामिल होना पड़ेगा, चाहे उसका परिवार, बच्चों का स्कूल और घर वहीं बसा हो, ये सरकार की तानाशाही हैं, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने सरकार से म्यूचुअल ट्रांसफर का विकल्प मांगा था, अगर किसी को अपने गृह जिले में जाना है और दूसरा कर्मचारी उसकी जगह आने को तैयार है तो सरकार को सहमति से ट्रांसफर करना चाहिए, जिसमें कर्मचारी का परिवार भी डिस्टर्ब नहीं होगा।

काले बिल्ले लगाकर किया काम

भिवानी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एमओटीपी के रिक्त पदों को ब्लॉक किए जाने के विरोध में एमपीएचई एसोसिएशन के कर्मचारियों ने मंगलवार को जिलभर में काले बिल्ले लगाकर सरकार व स्वास्थ्य विभाग के फैसले के खिलाफ रोष जताया। एसोसिएशन की राज्य प्रधान शर्मिला देवी और जिला प्रधान रविंद धोनी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में पहले से ही कर्मचारियों की भारी कमी है। रिक्त पदों को ब्लॉक करने से भविष्य में इन पदों पर भर्ती की संभावना समाप्त हो जाएगी और कार्यरत कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ेगा, जिसका सीधा असर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा। राज्य प्रधान शर्मिला व जिला प्रधान रविंद ने कहा कि एमओटीपी के रिक्त पदों को ब्लॉक करना न तो कर्मचारियों के हित में है और न ही प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए उचित है। एसोसिएशन ने सरकार से मांग की कि ब्लॉक किए सभी रिक्त पदों को तुरंत बहाल किया जाए और विभाग में खाली पड़े पदों को जल्द भरा जाए। एसो. के जिला सचिव महीपाल श्योराण ने बताया कि हमने काले बिल्ले लगाकर सांकेतिक विरोध दर्ज करवाया है। आंदोलन के अगले चरण में सात अक्टूबर से प्रदेश के सभी जिले के कर्मचारी महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, पंचकूला कार्यालय पर क्रमिक अनशन में भाग लेंगे। सकारात्मक फैसला नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज करने के लिए अगली रणनीति बनाई जाएगी।

स्वर्ण पदक विजेता बापोड़ा गांव की बेटी इशिका सभ्रवाल का किया जोरदार स्वागत

- दुनिया भर में भारत देश तथा हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं बेटियां : उमेश भारद्वाज

भिवानी। एशियाई खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर लौटीं भिवानी जिले के बापोड़ा गांव की बेटी इशिका सभ्रवाल का क्षेत्र में जोरदार स्वागत और सम्मान किया जा रहा है। इसी कड़ी में पूर्व छात्र नेता एवं समाजसेवी उमेश भारद्वाज ने मंगलवार को स्थानीय सेक्टर-13 स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर उमेश भारद्वाज ने पारंपरिक सम्मान की प्रतीक पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर इशिका सभ्रवाल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इशिका की इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए अत्यंत गर्व का विषय बताया। इशिका सभ्रवाल को बधाई देते हुए समाजसेवी उमेश भारद्वाज ने कहा कि बापोड़ा गाँव की इस बेटी ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है, जो उनकी वर्षों की कड़े परिश्रम, अनुशासन और अटूट लगन का परिणाम है।



भिवानी। पदक विजेता को सम्मानित करते हुए।

शिविर में 46 युवाओं ने किया रक्तदान

तोशाम। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को तोशाम के वीर शहीद श्री ईश्वर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विद्यालय प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 75 लोगों की रक्त संबंधी जांच की गई, जिनमें से 46 यूनिट रक्त एमस कैंसर इंस्टीट्यूट झज्जर की टीम द्वारा एकत्रित किया गया। इस अवसर पर पवन शर्मा एवं संजय नफरिया ने रक्तदान करते हुए शिविर के सफल आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने शिविर के सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि "रक्तदान इंसान द्वारा किया जाने वाला श्रेष्ठतम दान है, क्योंकि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा सकता है।" उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य सुदेश कुमार यादव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सा टीम, एनएसएस स्वयंसेवकों, स्टाफ सदस्यों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य विद्यार्थियों में मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सेवा भावना का विकास करते हैं।



तोशाम। रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए।

'नशा मुक्ति केंद्रों की भूमिका समाज के पुनर्निर्माण में अहम'

भिवानी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. गगनदीप कौर सिंह के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम)-कम-सचिव पवन कुमार ने मंगलवार को जिले के नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों में उपलब्ध व्यवस्थाओं, उपचार प्रक्रियाओं, परामर्श सेवाओं तथा पुनर्वास से जुड़ी सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- सीजेएम पवन कुमार ने नशा पीड़ितों को नशा न करने की शपथ दिलवाई

निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती मरीजों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। उन्होंने मरीजों से उनके इलाज की स्थिति, दैनिक दिनचर्या, परामर्श सत्रों की उपयोगिता और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। नशे की लत व्यक्ति को कमजोर बना देती है।

फुटबॉल प्रतियोगिता में चरखी क्लब का शानदार प्रदर्शन, अंडर-10 टीम बनी चैंपियन

चरखी दादरी। करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय डॉ. बीरुमल ग्रासरूट फुटबॉल टूर्नामेंट में चरखी फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरी सफलता हासिल की। क्लब की अंडर-10 टीम ने प्रतियोगिता में चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि अंडर-12 टीम उपविजेता रही। खिलाड़ियों के वापस लौटने पर ग्रामीणों और अभिभावकों ने फूल-मालाओं व ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। वहीं अंडर-10 टीम में नवनीत, जयस, यश, देविक, मयंक, हर्षित, विहान, कुश, हिमांशु और जस्सी शामिल रहे। टीम ने शुरुआत से ही शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन तालमेल और खेल कौशल के दम पर विजेता ट्रॉफी हासिल की। वहीं अंडर-12 वर्ग में भविष्य, लक्ष्य, रितिक, पूरव, अर्पित, रितिक, लवीश, मन्नू, कार्तिक और हिमांशु ने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब जीता। प्रतियोगिता से लौटने पर ग्रामीणों और परिजनों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि नन्हे खिलाड़ियों की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य बच्चों को भी फुटबॉल के प्रति प्रेरित करेगी।



चरखी दादरी। कोच व ग्रामीणों के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार : मोनिका

भिवानी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत रोहतक मंडल आयुक्त एवं मतदाता सूची पर्यवेक्षक मोनिका मलिक ने मंगलवार को जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल करना तथा शुद्धिकरण कार्य या अपात्र नामों को हटाने का कार्य नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में आयुक्त मोनिका मलिक ने डीसी साहिल गुप्ता के अलावा एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एसडीएम भिवानी महेश कुमार, एसडीएम लोहारू मनोज दलाल, एसडीएम तोशाम संदीप कुमार, एसडीएम सिवानी विजया मलिक, सीटीएम अनिल कुमार के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। डीसी ने आयुक्त को जिला में एसआइआर कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं आयुक्त ने भिवानी, तोशाम, बवानी खेड़ा व लोहारू विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों से एसआईआर कार्य की विस्तार से जानकारी ली। वहीं आयुक्त ने लोहारू में एसआइआर कार्य को सबसे कम समय में व बेहतरीन ढंग से संपन्न करने पर एसडीएम मनोज कुमार को बधाई दी। आयुक्त मोनिका मलिक ने गांव जुई खुर्द में मतदान केंद्र संख्या 224, गांव जुई कला के बूथ संख्या 231, गांव कुड़ल के 159, 160, 161 व 164 का निरीक्षण किया।

सेवा सेतु शिविर अभियान के तहत 28 विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए

- नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी, पार्षद विनोद वाल्मीकि, मनबीर सिंह आदि ने शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

सेवा संकल्प अभियान के तहत चलाए जा रहे सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत नगर परिषद परिसर में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आयोजित शिविर मंगलवार को भी जारी रहा। दूसरे दिन भी काफी संख्या में लोग शिविर में पहुंचे और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन एवं पंजीकरण करवाया। मंगलवार को नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी, पार्षद विनोद वाल्मीकि, मनबीर सिंह आदि ने शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में 28 विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को संबंधित योजनाओं की पात्रता, लाभ और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। पात्र लोगों के आवेदन और पंजीकरण की प्रक्रिया मौके पर ही पूरी की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से प्राप्त आवेदनों को पपात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।



चरखी दादरी। शिविर का निरीक्षण करते नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी व अन्य।

जीके स्कूल की अंडर-11 छात्राओं ने जीता जिला स्तरीय खिताब

- प्रधानाचार्य अनूप सिंह ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

गांव समसपुर स्थित जीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की अंडर-11 छात्राओं की खो-खो टीम ने जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में विद्यालय की नन्हीं खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वी टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल रणनीति, फुर्ती और आपसी तालमेल का प्रदर्शन किया।

टीम की जीत पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने जयबीर सिंह, विशाल, अन्नु, चिनू, अनिता और सोनिया सहित शिक्षकों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि कम उम्र में छात्राओं की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में भाग लेने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।



चरखी दादरी। जीके स्कूल के विजेता विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

खंड में विज्ञान चैंपियन बना बोहल स्कूल खंड शिक्षा अधिकारी ने थपथपाई पीठ

बवानीखेड़ा। शिक्षा विभाग हरियाणा के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत नोडल पर्सन प्रवक्ता अरुणा सैनी के नेतृत्व में खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बवानीखेड़ा के प्रतिष्ठित विद्यालय सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया जिसमें बवानी खेड़ा के लगभग पचास विद्यालयों ने भाग लिया। मंगलवार को प्रदर्शनी का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार, विद्यालय के प्रिंसिपल ललित शर्मा व प्राचार्य आनंद शर्मा की अध्यक्षता में व सुशील शर्मा खंड समन्वयक,मैडम अंजू एबीआरसी ,सुभाष शर्मा एबीआरसी की उपस्थिति में किया गया । प्रतियोगिता में लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों में से परिणाम सुनाया तो सभी की निगाहें राजकीय उच्च विद्यालय बोहल की तरफ थी और एक बार फिर से एक अकेले बोहल स्कूल ने आठ पोजीशन हासिल कर पूरे खंड में अपनी मेहनत का झंडा ऊंचा किया । बच्चों के साथ उनके विज्ञान अध्यापक व विद्यालय प्रभारी संदीप शर्मा भी अपनी टीम का नेतृत्व कर रहे थे । बच्चों ने इस नायाब उपलब्धि का श्रेय अपने विज्ञान अध्यापक संदीप शर्मा की मेहनत व उनके मार्गदर्शन को दिया ।



बवानीखेड़ा। प्रदर्शनी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

हालुवास में हवलदार कुलदीप को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित



भिवानी। सेवानिवृत्ति पर हलवदार कुलदीप को सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

भिवानी। टीम मैनेजर सामाजिक एवं धार्मिक मंच हालुवास व ग्रामीणों ने सेवानिवृत्त हवलदार कुलदीप सिंह तंवर का गांव हलवास में पहुंचने पर सम्मान समारोह आयोजित किया। सम्मान समारोह में मंच के सदस्यों के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित कुलदीप सिंह के पिता कप्तान अजीत सिंह ने बताया कि उनके पुत्र की सेवा का कार्यकाल 17 साल का रहा। इस दौरान उन्होंने अपनी पूरी ईमानदारी एवं लगन से कार्य किया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक रामावतार शर्मा, बलवीर सिंह तोमर, राजेंद्र सिंह हवलदार, भागरिथ सिंह, सरजीत सिंह तोमर, कप्तान दिनेश सिंह तोमर, नरसिंह व राजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत कैप्टन अजीत सिंह ने लंच का कार्यक्रम आयोजित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

अग्रसेन के विचार एवं सिद्धांत आज के युग में भी प्रासंगिकः स्वामी आर्यवेश

महाराजा अग्रसेन जयंती पर चित्रकला में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बच्चों को केवल पुस्तकों के माध्यम से महापुरुषों के जीवन से परिचित करवाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से उनके विचारों को समझने और आत्मसात करने का अवसर भी देना चाहिए। ये उद्गार आज सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश महाराज ने अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित चित्रकलां प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि चित्रकला प्रतियोगिता इसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है, जिसके लिए अग्रवाल वैश्य समाज प्रशंसा का पात्र है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल अग्रवाल समाज के आदर्श पुरुष ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए सेवा, समानता, सहयोग और परोपकार की प्रेरणा देता है। उनके सिद्धांत आज के युग में भी प्रासंगिक हैं। उनका 'एक ईंट-एक रुपया' का सिद्धांत सामाजिक सहभागिता और सामूहिक विकास का अनूठा उदाहरण है। स्वामी जी ने कहा कि आज के बच्चों को अपनी संस्कृति और महान व्यक्तित्वों के विचारों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने ऐतिहासिक दृष्टांत देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में सबसे बड़ी जरूरत महापुरुषों को केवल याद करना नहीं, बल्कि उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की है।





भिवानी। कार्यक्रम में प्रतिभागी को सम्मानित करते मुख्यअतिथि तथा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित दर्शक।

14 स्कूलों से 110 बच्चों ने लिया प्रतियोगिता में

प्रतियोगिता के दौरान 14 स्कूलों के 110 बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपने रंगों और कल्पनाशीलता के माध्यम से महाराजा अग्रसेन के व्यक्तित्व, उनके सामाजिक चिंतन, समानता की भावना, परस्पर सहयोग तथा समाज सेवा के संदेश को चित्रों में उकेरा। बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों में उनकी रचनात्मक सोच और विषय की समझ स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ निर्धारित समय में अपनी कलाकृतियां तैयार कीं।

टीआईटी स्कूल ने बाजी मारी

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को दो विषयों में से एक पर चित्र बनाने का अवसर दिया गया था। प्रतिभागियों की कलाकृतियों का मूल्यांकन करते हुए टीआईटी सी.सै. स्कूल की छात्रा रितिका ने प्रथम स्थान, लिटिल हार्ट इंटरनेशनल स्कूल के छात्र यश को द्वितीय एवं वैश्य मॉडल सी.सै. स्कूल के छात्र जयंत शर्मा को तृतीय स्थान के लिए विजेता चुना गया। विजेताओं को मोमंटो के साथ क्रमशः प्रथम पुरस्कार 2100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 500 रुपये प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।